# FIROZABAD POLICE

**"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"**

## सराहनीय कार्य थाना सिरसागंज दिनांक 12-09-23 जनपद फिरोजाबाद।

## थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा सफेद अपाचे मोटरसाइकिल से मोबाइल लूटने वाला एक अभियुक्त गिरफ्तार कब्जे से लूट का मोबाइल बरामद।

- **दिनांक 06-09-2023 को अपाचे सवार लुटेरों द्वारा मोबाइल लूट की घटना को दिया गया था अंजाम।**
- **ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर की गयी थी शिनाख्त।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा लुटेरों की गिफ्तारी हेतु प्रचलित अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण,फिरोजाबाद के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के निकट पर्यवेक्षण में थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा दिनांक 12.09.2023 को समय करीब 09.30 बजे मुखबिर खास की सूचना के आधार पर करहल चौराहा एनएच-2 अन्डर पास पर चैकिंग के दौरान एक नीली सफेद अपाचे बिना नम्बर जिस पर तीन लडके सवार थे को रोका गया तो उक्त अपाचे सवार तीनो लोग भागने लगे। पुलिस बल द्वारा मो0सा0 पर पीछे बैंठे एक व्यक्ति को पकड लिया तथा दो अन्य सवार अपाचे मो0सा0 को लेकर मौके से फरार हो गए। पकडे गये व्यक्ति ने अपना नाम रोहित यादव पुत्र जयवरन निवासी नगला रते थाना करहल जिला मैनपुरी बताया। रोहित यादव उपरोक्त के कब्जे से एक अदद मोबाइल फोन रीयल मी कम्पनी का बरामद हुआ जिसमें सिम नं0 7452912494 पडी है, जो थाना हाजा के मु0अ0सं0 582/23 धारा 392 भादवि से सम्बन्धित है। बरामदगी के आधार के मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढोत्तरी की गयी। अभि0 रोहित यादव उपरोक्त ने पूछताछ में बताया कि मेरे साथी जो अपाचे बिना नम्बर लेकर भागे गये है उनका नाम 1-अंशुल पुत्र सर्वेश यादव निवासी नगला नवल नगला भूत थाना जसवन्त नगर इटावा 2-सनी कुमार पुत्र विमलेश कुमार निवासी झींगूपुरा थाना सैफई जिला इटावा है तथा दिनांक 06.09.23 को सिरसागंज मे हम तीनो मे उसी अपाचे मोटरसाइकिल से मोबाइल लूटा था। भागे हुए अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर प्रयास जारी है। विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता:-**

रोहित यादव पुत्र जयवरन निवासी नगला रते थाना करहल जिला मैनपुरी उम्र करीब 20 वर्ष

**बरामदगी का विवरण:-**

एक अदद मोबाइल रीयल मी 5आई (लूटा गया मोबाइल)

**प्रकाश में आये अभियुक्तगण का नाम पता:-**

1-अंशुल पुत्र सर्वेश यादव निवासी नगला नवल नगला भूत थाना जसवन्त नगर इटावा
2-सनी कुमार पुत्र विमलेश कुमार निवासी झींगूपुरा थाना सैफई जिला इटावा

**4-गिरफ्तार अभियुक्त रोहित यादव का आपराधिक इतिहासः------**

(1) अ0सं0 146/23 धारा 379/411 भादवि थाना कुर्रा जिला मैनपुरी
(2) अ0सं0 207/23 धारा 379/411 भादवि थाना करहल जिला मैनपुरी
(3) अ0सं0 98/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना जसवंत नगर इटावा
(4) अ0सं0 20/23 धारा 498ए/323/506/ भादवि व 3/4 द0प्रति0 अधि0 करहल मैनपुरी
(5) अ0सं0 582/23 धारा 392/411 भादवि थाना सिरसागंज, फिरोजाबाद

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1-प्र0नि0 उदयवीर सिंह मलिक थाना सिरसागंज फिरोजाबाद।
2-उ0नि0 श्री जय सिंह  थाना सिरसागंज फिरोजाबाद।
3-हे0का0 553 विजय कुमार थाना सिरसागंज फिरोजाबाद।
4-हे0का0 1083 अशोक कुमार थाना सिरसागंज फिरोजाबाद।
5-कानि0 797 कोशलेन्द्र सिंह थाना सिरसागंज फिरोजाबाद।